TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें



teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

27 नवंबर 2026

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार

परिस्थितियाँ चाहे जैसी भी हों अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना ही सच्ची सफलता है।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

The Change Makers



शिक्षा शब्दकोश



आज का शब्द **27.11.2026**

शिक्षा में संतुलिकरण

शिक्षा में संतुलिकरण वह प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थी के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक एवं नैतिक विकास के बीच उचित सामंजस्य स्थापित किया जाता है, ताकि उसका सर्वांगीण एवं संतुलित व्यक्तित्व विकसित हो सके। शिक्षा में संतुलिकरण का अर्थ है विद्यार्थी के जीवन के सभी पक्षों का समान रूप से विकास करना तथा ज्ञान, व्यवहार, भावना और क्रियाओं के बीच तालमेल बनाए रखना।

राकेश कुमार

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान





पश्चिम बंगाल कैबिनेट ने राज्य का नाम बदलकर 'पश्चिम बंगा' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके पीछे 1947 के विभाजन और राज्य के गठन का इतिहास बताया गया है।

विज्ञान प्रतियोगिता

ज्ञान से ही बनता है भविष्य!

सोचो, समझो और सही उत्तर चुनो!

ऋणायन की त्रिज्या अपने मूल परमाणु की तुलना में सामान्यतः –

A. कम होती है

B. अधिक होती है

C. समान होती है

D. शून्य होती है।

सही उत्तर

B. अधिक होती है

थोड़ी जानकारी

★ ऋणायन बनने पर परमाणु इलेक्ट्रॉन ग्रहण करता है।

★ इलेक्ट्रॉन-इलेक्ट्रॉन प्रतिकर्षण बढ़ने से उसकी त्रिज्या सामान्यतः **अधिक** हो जाती है।

हर दिन कुछ नया सीखें,
विज्ञान को समझें और देश का नाम रोशन करें!

WORLD ORGAN DONATION DAY

विश्व अंगदान दिवस

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

कब मनाया जाता है ?





अंगदान करें...
जीवन बचाएं...



इस दिवस का उद्देश्य अंगदान के प्रति लोगों को जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन देना है!

A 15 अगस्त को

B 26 जनवरी को

C 26 नवम्बर को

D 2 अक्टूबर को



अंगदान - जीवन का सच्चा दान

=संजय कुमार



“लोकशाहीच्या बळकटीसाठी
आणि संसदीय परंपरेच्या विकासासाठी
आपले संपूर्ण आयुष्य अर्पण करणारे
एक महान **व्यक्तिमत्व**!”

भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष

श्री गणेश वासुदेव मावलकर जी

(27 नवंम्बर 1888 - 27 फरवरी 1956)

भारतीय स्वतंत्रता सेनानी एवं भारतीय लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष थे।
उन्हें ‘दादासाहेब’ के नाम से भी जाना जाता था। वे अहमदाबाद लोकसभा क्षेत्र से
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य के रूप में लोकसभा में निर्वाचित हुए थे।
उन्होंने भारतीय संसदीय संस्थान में एक उत्कृष्ट वक्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई।

उनकी जयंती पर
शत-शत नमन !

देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनके अद्वितीय योगदान को सदैव स्मरण करते हैं।

Madhu Priya

www .teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
प्रख्यात इतिहासकार एव पुरातत्त्वविद
डॉ. काशी प्रसाद जायसवाल
(27 नवम्बर 1881 – 4 अगस्त 1937)
प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और राजव्यवस्था
के गंभीर अध्येता
उनके शोध ने भारतीय इतिहास की गौरवशाली परंपरा को नई दृष्टि दी।
हिन्दू पॉलिटी • अंधकार युगीन भारत • एन इंपीरियल हिस्ट्री ऑफ़ इंडिया
जयंती पर कोटि-कोटि नमन!
उनका ज्ञान, शोध और राष्ट्रबोध सदैव प्रेरणा देता रहेगा।
Madhu Priya
www .teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

The change makers

दिवस विशेष

मधु प्रिया



शिवमंगल सिंह सुमन

की जयंती

(27 नवम्बर 1915 – 27 नवम्बर 2002)

एक महान कवि, साहित्यकार एवं प्रगतिशील चिंतक को शत-शत नमन।

परिचय :

शिवमंगल सिंह सुमन का जन्म 27 नवंम्बर 1915 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। वे एक प्रसिद्ध प्रगतिशील कवि, साहित्यकार और स्वतंत्रता सेनानी थे। उनकी रचनाएँ जन-जीवन की सच्चाइयों, मानवीय संवेदना और राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत हैं।

साहित्यिक योगदान :

उन्होंने कविता, कहानी, नाटक, निबंध और आलोचना सहित अनेक विधाओं में लेखन किया। उनकी प्रमुख काव्य कृतियों में 'वाणी की वेला', 'जीवन के गान', 'मिट्टी की बारात' आदि विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

विशेषताएँ :

शिवमंगल सिंह सुमन्न की रचनाओं में राष्ट्रीयता, मानवतावाद, सामाजिक चेतना और जीवन-संघर्ष की भावना प्रबल रूप से दिखाई देती है।

उनकी जयंती पर हमारा नमन

आइए, उन्नकी स्मृतियों से प्रेरणा लेकर साहित्य, समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को और दृढ़ करें।

॥ विनम्र श्रद्धांजलि ॥

27 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

27 नवंबर



27 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

मधु प्रिया

1001 - हिंदू शासक जयपाल को आक्रमणकारी महमूद गजनी ने हराया।
1095 - पोप अर्बन द्वितीय ने पहले क्रूसेड (धर्मयुद्ध) का उपदेश दिया।
1795 - पहले बांग्ला नाटक का मंचन हुआ।
1807 - पुर्तगाल के शाही परिवार ने नेपोलियन की सेना के भय से लिस्बन छोड़ा।
1815 - पोलैंड साम्राज्य ने संविधान अपनाया।
1895 - अल्फ्रेड नोबेल ने नोबेल पुरस्कार की स्थापना की।
1912 - अल्बानिया ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
1932 - पोलैंड और तत्कालीन सोवियत संघ ने अनाक्रमण समझौते पर हस्ताक्षर किया।
1949 - जबलपुर के निवासियों ने चंदा इकट्ठा करके नगरपालिका प्रांगण में सुभद्रा कुमारी चौहान जी की आदमकद प्रतिमा लगवाई जिसका अनावरण कवयित्री और उनकी बचपन की सहेली महादेवी वर्मा ने किया।
1966 - उरुग्वे ने संविधान अपनाया।
1995 - मिर वेनेजुएला जोकेलीन एमवोतरा मार्कानो 'मिस वर्ल्ड' 1995 चुनी गई।
2000 - फ्लोरिडा में डाले गये मतों की गिनती में जार्ज बुश 537 मतों से जीते, फ्लोरिडा में जीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर जार्ज बुश जूनियर का दावा।
2002 - बेलारूस के प्रधानमंत्री जेनेन्दी वी नोवित्सकी भारत यात्रा पर नयी दिल्ली आये।
2004 - अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के अध्यक्ष जुआन ा सोमाविया भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे।
2007 - गाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुर्शन्फ ने अपने सैनिक साथियों से विदाई ली।
2008 - छठा वेतन आयोग देने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बना। केंद्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के जजों के वेतन में तीन गुना बढ़ोतरी को हरी झण्डी दी।
2014 - आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर फिलिप हयूज़ का बाउंसर से घायल होने के बाद मौत हुई।

27 नवंबर को जन्मे व्यक्ति



1952 - बप्पी लाहिड़ी - प्रसिद्ध भारतीय गायक और संगीतकार थे।
1950 - कुइंन ओज़ा - गुवाहाटी, असम से भारतीय राजनीतिज्ञ हैं।
1947 - इस्माइल उमर गुलेह - जिबुती के वर्तमान राष्ट्रपति हैं।
1942 - मृदुला सिन्हा - भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता और गोवा की पूर्व राज्यपाल थीं।
1881 - काशी प्रसाद जायसवाल - भारत के प्रसिद्ध इतिहासकार एवं पुरातत्व के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वान।
1888 - गणेश वासुदेव मावलंकर - प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और लोकसभा के प्रथम अध्यक्ष थे।
1907 - हरिवंश राय बच्चन, प्रसिद्ध कवि और लेखक।
1940 - ब्रूस ली - मार्शल आर्ट के महानायक।



27 नवंबर को हुए निधन



2018 - मोहम्मद अज़ीज़ - भारत के प्रसिद्ध पार्श्वगायकों में से एक थे।
2008 - विश्वनाथ प्रताप सिंह, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री।
2011 - सुल्तान खान - भारत के प्रसिद्ध सारंगी वादक और शास्त्रीय गायक।
2002 - शिवमंगल सिंह सुमन - प्रसिद्ध प्रगतिशील कवि।
1978 - लक्ष्मीबाई केलकर - भारत की प्रख्यात समाज सुधारक थीं।
1976 - गजानन त्र्यंबक माडखोलकर - मराठी उपन्यासकार, आलोचक वथा पत्रकार थे।



॥ विनम्र श्रद्धांजलि ॥

इतिहास हमें प्रेरणा देता है, इसे जानना हमारा कर्तव्य है!

www .teachersofbihar.org

Teachers of Bihar:
— The Change Makers —



"मधुशाला केवल एक पुस्तक नहीं, जीवन-दर्शन है!"

— हरिवंश राय बच्चन

हिंदी साहित्य के अमर कवि

हरिवंश राय बच्चन जी

की जयंती

27 नवंबर

के अवसर पर उन्हें

शत-शत नमन!



उनकी रचनाएँ हमें संवेदना, साहस और जीवन के प्रति सकारात्मकता की प्रेरणा देती हैं!

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक

खिलाड़ी	टीम	Vs	गेंदें
वैभव सूर्यवंशी	इंडिया-ए	यूएई	52
चाड बोवेस	कैंटरबरी	ओटागो	103
एन जगदीशन	तमिलनाडु	अरुणाचल प्रदेश	114
हैरी ब्रूक	इंग्लैंड	श्रीलंका	114

लिस्ट-ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक

खिलाड़ी	टीम	Vs	गेंदें
वैभव सूर्यवंशी	इंडिया-ए	यूएई	28
जेक फ्रेजर-मैकगर्क	साउथ ऑस्ट्रेलिया	तस्मानिया	29
एबी डिविलियर्स	दक्षिण अफ्रीका	वेस्टइंडीज	31
सकीबुल गनी	बिहार	अरुणाचल प्रदेश	32
ईशान किशन	झारखंड	कर्नाटक	33